http://www.mpboardonline.com

Roll No.

**M-191172**

कक्षा 11 वीं परीक्षा, 2018–19

# HINDI SPECIAL

## हिन्दी विशिष्ट

[Total No. of Questions: 28] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 100]

*निर्देश –*

*(i) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सर्वप्रथम हल करें।*

*(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए (1×5×5=25) अंक निर्धारित हैं।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।)*

*(iv) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।)*

*(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।)*

*(vi) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग 150 शब्द है।)*

*(vii) प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3=10) दस अंक निर्धारित हैं। 'अ' के लिए 7 अंक तथा 'ब' के लिए 3 अंक। (अ के लिए शब्द सीमा 200 से 250 शब्द है।)*

*(viii) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.1 रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये गए विकल्पों में से उचित शब्द का चयन करके कीजिए – (1×5=5)

(i) सरजू भैया को ठगने वाला ............ था। (सूदखोर / व्यापारी)

(ii) सेनापति ने ........... को ऋतुराज कहा है। (शरद ऋतु / बसंत ऋतु)

(iii) दोहा छन्द ............ काव्य है। (मुक्तक / प्रबन्ध)

(iv) आम के आम गुठलियों के दाम प्रचलित ............. है। (लोकोक्ति / मुहावरा)

(v) 'गरीबी मेरी शान है' कथन ............. का है। (भारतेन्दु हरिश्चंद्र / बालमुकुन्द गुप्त)

प्र.2 दिए गए कथनों के लिए सही विकल्प चुनिये – (1×5=5)

(i) कोणार्क मंदिर किस देवता से संबंधित है?

(अ) सूर्य (ब) चन्द्रमा

(स) श्रीराम (द) श्री कृष्ण

(ii) कर्मयोगी कहा गया है –

(अ) पं. जवाहर लाल नेहरू को (ब) लाल बहादुर शास्त्री को

(स) सरदार पटेल को (द) सुभाषचन्द्र बोस को

(iii) पन्तजी नौका विहार करने गये –

(अ) प्रातःकाल में (ब) सायंकाल में

(स) दोपहर में (द) चाँदनी रात में

(iv) 'रसात्मकं वाक्यं काव्यम्' परिभाषा है –

(अ) आचार्य जगन्नाथ (ब) आचार्य विश्वनाथ

(स) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (द) आचार्य हजारी प्रसाद

(v) ईद का चाँद का अर्थ है –

(अ) ईद पर मिलना (ब) ईद पर चाँद दिखना

(स) बहुत दिन बाद मिलना (द) ईद पर खुश होना

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.3 सही जोडी बनाइए – (1×5=5)

(i) भोलाराम का जीव – (अ) निबंध

(ii) महादेवी वर्मा – (ब) कहानी

(iii) सवा सेर गेहूँ – (स) छायावाद

(iv) सेनापति – (द) भक्तिकाव्य

(v) तुलसीदास – (इ) रीतिकाल

(ई) व्यंग्य

प्र.4 सत्य/असत्य वाक्यों का चयन कीजिए – http://www.mpboardonline.com (1×5=5)

(i) सतपुड़ा की सबसे ऊँची चोटी एवरेस्ट है।

(ii) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' गरीबों के मसीहा थे।

(iii) कजरी ग्रीष्म ऋतु में गाई जाती है।

(iv) मुहावरे का प्रयोग भाषा में चमत्कार उत्पन्न करता है।

(v) प्रत्येक रस का एक स्थायी भाव होता है।

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए – (1×5=5)

(i) सरल शब्दार्थ का प्रयोग किस गुण में किया जाता है।

(ii) बन्दी पिता का पत्र किस जेल से लिखा गया था?

(iii) नीरा की माँ का क्या नाम था?

(iv) कवच–कुण्डल दान किसने किए थे?

(v) जो वेतन लेकर काम करता है, उसे क्या कहते हैं?

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.6 तुलसीदास प्रण करके कहाँ बसना चाहते हैं? (2)

अथवा

बालक कृष्ण के रुचिकर व्यंजन क्या हैं?

प्र.7 गोप–सुता पार्वती माँ से क्या वरदान माँगती है? (2)

अथवा

ऐसी कौन सी सम्पत्ति है जो व्यय करने पर बढ़ती है?

प्र.8 खंजन पक्षी का दुःख किस ऋतु में मिट जाता है? (2)

अथवा

कबीर ने पुस्तकीय ज्ञान की अपेक्षा किस ज्ञान को उपयोगी माना है?

प्र.9 धर अंधेरा से कवि का संकेत किस ओर है? (2)

अथवा

जीवन को अपूर्ण क्यों कहा है?

प्र.10 दुष्यंत कुमार की गज़लों की दो विशेषताएं लिखिए। (2)

अथवा

दिनकर ने जनता को जगाने के लिए किसका आह्वान किया है?

प्र.11 लेखक ने वीरों के कितने प्रकार बताये हैं? (2)

अथवा

प्रकृति की दो सहज स्थितियाँ कौन–कौन सी हैं?

प्र.12 शिरीष अपना पोषण कहाँ से प्राप्त करता है? (2)

अथवा

जननी और जन्मभूमि किससे अधिक श्रेष्ठ हैं?



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.13 अमरनाथ ने अपना लेख किनके विषय में लिखा था? (2)

अथवा

विशु ने मंदिर के पूरा होने पर धर्मपद को क्या देने का वचन दिया?

प्र.14 कवि 'निराला' के अनुसार मानवता कहाँ से आती है? (2)

अथवा

'इत्यादि' शब्द क्या–क्या कार्य करता है?

प्र.15 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए – (2)

(i) अन्धे की लाठी

(ii) आग में घी डालना

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए –

(i) आकाश को छूने वाला

(ii) जहाँ से चार रास्ते जाते हों

प्र.16 व्यंजना शब्द शक्ति की परिभाषा लिखिए। (2)

अथवा

अपन्हुति अलंकार की परिभाषा लिखिए।

प्र.17 लेखक ने यौवन को जीवन का मक्खन क्यों कहा है? (3)

अथवा

सूदखोर किस तरह दूसरों का शोषण करते हैं?

प्र.18 माधुर्य गुण की परिभाषा लिखिए। उदाहरण लिखिए। (3)

अथवा

कुण्डलिया छन्द की परिभाषा लिखिए। उदाहरण लिखिए।

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.19 'अज्ञान सर्वत्र आदमी को पछाड़ता है।', पंक्ति का भाव विस्तार कीजिए। (3)

**अथवा**

वाक्य शुद्ध कीजिए –

(i) मैंने अनेकों स्थान देखे।

(ii) सीता एक विद्वान छात्रा है।

(iii) निरपराधी को दण्ड देना अनुचित है।

प्र.20 रेखाचित्र एवं संस्मरण में अन्तर लिखिए। (4)

**अथवा**

उपन्यास की परिभाषा लिखिए। उपन्यास के तत्वों को लिखिए।

प्र.21 भक्ति आन्दोलन की चार विशेषताएँ लिखिए। (4)

**अथवा**

रीतिकाल के चार कवियों के नाम लिखिए एवं उनकी एक–एक रचना लिखिए।

प्र.22 तुलसीदास अथवा सुमित्रानंदन पंत का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – http://www.mpboardonline.com (4)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाव पक्ष–कला पक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.23 आचार्य राम चन्द्र शुक्ल अथवा विष्णु प्रभाकर का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (4)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान



http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – (4)

सोभित कर नवनीत लिये।
घुटुरुनि चलत रेनु तन मंडित मुख दधि लेप किये।
चारु कपोल–लोल लोचन गोरोचन तिलक दिये
लट लटकनि मनु मत्त मधुप गन मादक मधुहिं पिये।।

अथवा

रंभा! झूमत हौं कहा थोरे ही दिन हेत।
तुमसे केते ह्वै गए, अरु ह्वै हैं यहि खेत।।
अरु ह्वै हैं यहि खेत, मूल लघु साखा हीने।
ताहू पै गज रहे, दीठि तुम पै प्रति दीने।।

प्र.25 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – (4)

देश का वरण न जाने किन–किन दबावों और जरूरतों से आदमी करता है। पर माँ का कोई वरण नहीं करता, न कोई जन्मभूमि का वरण करता है। वह माँ का बस बेटा होता है, जन्मभूमि का, माटी का बस हो जाता है।

अथवा

सुख और सम्पत्ति में क्या ईश्वर का विश्वास अधिक होने लगता है? क्या मनुष्य ईश्वर को पहचान लेता है? उसकी व्यापक सत्ता को मलिन वेश में देखकर दुरदुराता नहीं, ठुकराता नहीं।

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5)

जनसंख्या विस्फोट से सारा देश भयाक्रांत है। जहाँ भी जाओ लोगों की अनंत भीड़ दिखाई देती है। महानगरों में तो लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। चारों तरफ बेरोजगारी का संकट छाया हुआ है। निर्धनता मुंह फैलाए खड़ी है। लोगों का जीवन स्तर गिरता जा रहा है। गरीब और गरीब होते जा रहे

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की समस्या आदि का संकट गहराता जा रहा है। आबादी और साधनों का सन्तुलन टूट चुका है।

(i) उक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) चारों तरफ कौन सा संकट छाया है?

(iii) संकट और गरीब शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए।

(iv) गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्र.27 अपनी सहेली / मित्र को उसके जन्म दिवस पर बधाई–पत्र लिखिए। (5)

<u>अथवा</u>

ध्वनि विस्तारक यन्त्र पर प्रतिबंध लगाने हेतु जिलाधीश महोदय को पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए – (7)

(i) साहित्य और समाज

(ii) स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत

(iii) इन्टरनेट आज की आवश्यकता

(iv) पर्यावरण प्रदूषण

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए – (3)

(i) दूरदर्शन की उपयोगिता

(ii) जीवन में खेलों का महत्व

(iii) बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ

(iv) समाचार पत्रों की उपयोगिता

..............................................



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com